an>

Title: Need to provide special fund for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Mandi parliamentary constituency, Himachal Pradesh.

श्री राम स्वरूप शर्मा (मंडी)ः मेरे संसदीय क्षेत्र मंडी (हिमाचल प्रदेश) की अधिकांश ग्रामीण सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित की गई हैं। हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 2603 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे जिसमें से केवल 1340 करोड़ रुपए ही अभी तक व्यय किए गए हैं। आश्चर्य है कि बहुत से निर्माण कार्य इस योजना के अंतर्गत असंतोषजनक पाए गए हैं। इन निर्माण कार्यों के सत्यापन हेतु निर्धारित प्रक्रिया भी असंतोषजनक है। प्रदेश की 603 में से 50 प्रतिशत सड़कें ऐसी हैं जिनका गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी निरीक्षण भी अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र मंडी व कुल्लू के भीतरी गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों का भी हाल बदतर है जो आम जन के लिए कठिनाइयां पैदा कर रही हैं।

प्रदेश में स्वीकृत सड़कों की संख्या 2100 के करीब थी जिसमें से 577 अभी तक बन नहीं पाई हैं। प्रदेश में यह कार्य यदि इसी धीमी गति से चलता रहा तो प्रदेशवासी विशेषकर मण्डी-कुल्लू निर्वाचन क्षेत्र के गांववासी जिनके लिए सड़कें जीवन रेखा हैं, उनको प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

अतः मेरा माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि पहाड़ी क्षेत्रों विशेषकर हिमाचल प्रदेश के लिए इस योजना के अंतर्गत विशेष वित्तीय राशि प्रदान की जाए ताकि इस योजना का लाभ जरूरतमंद गांव के लोगों को मिल सके तथा अधूरी पड़ी सड़कें भी पूर्ण हो सकें।